बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,
7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 139	Dt ..08/06/2026	Page No..../...

|| कार्यालय आदेश ||

कार्य प्रमंडल, आरा, बिहार राज्य पुल निगम लि0 के अधीन बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर–बरूणा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित LC-70A पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) निर्माण कार्य संवेदक Pramod Kumar Singh, At- Bansa, P.O.- Karwandiya, P.S. – Sasaram, District- Rohtas, Pin- 821305 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि दिनांक–25.10.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–24.01.2024 था।

उल्लेखनीय है कि कि रेलवे ऊपरी पुल का कार्य निर्माणाधीन है। इसमें रेलवे ऊपरी पुल एवं Viaduct का निर्माण पूर्ण कर यातायात के लिए एक माह पूर्व खोला गया। दिनांक–05.06.2026 को बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर–बरूणा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित LC-70A पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के एक Span में एक तरफ के Expansion Joint के पास Slab क्षतिग्रस्त हो गया।

इसी बीच श्री हरेराम राम, कनीय अभियन्ता, अवर प्रमंडल, बक्सर, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 द्वारा दिनांक–06.06.2026 को संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता एवं लापरवाही के लिए थानाध्यक्ष, मुफसील थाना, बक्सर से F.I.R. दर्ज करने हेतु अनुरोध किया गया। उनके द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक मे संवेदक के विरूद्ध मुफसील थाना, बक्सर द्वारा थाना काण्ड संख्या–166/26 दिनांक–06.06.2026 दर्ज कर लिया गया है।

ज्ञातव्य हो कि इस कार्यालय के पत्रांक–1401 दिनांक–05.06.2026 एवं स्मारित पत्र संख्या–1416 दिनांक–08.06.2026 द्वारा संवेदक Pramod Kumar Singh से उपरोक्त कार्य में बरती गई अनियमितता एवं लापरवाही के कारण स्पष्टीकरण की पृच्छा किया गया। तद्आलोक में संवेदक द्वारा अपने पत्रांक–शून्य, दिनांक–06.06.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जो मान्य योग्य नही पाया गया है।

उपरोक्त के आलोक में संवेदक द्वारा कार्य में बरती गयी अनियमितता एवं लापरवाही के कारण संवेदक Pramod Kumar Singh, At- Bansa, P.O.- Karwandiya, P.S. – Sasaram, District- Rohtas, Pin- 821305 को निगम के ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के नियम 9(क) (ii) एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यालय आदेश संख्या–154 दिनांक–18.06.2015 के कंडिका 8, 1(b) के तहत 15 वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0,पटना।

ज्ञापांक–../पटना, दिनांक–..

प्रतिलिपिः– सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0,पटना।

ज्ञापांक–../पटना, दिनांक–..

प्रतिलिपिः– Pramod Kumar Singh, At- Bansa, P.O.- Karwandiya, P.S. – Sasaram, District- Rohtas, Pin- 821305 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0,पटना।

कृ0पृ0प0.............

ज्ञापांक–..........1426.........../पटना, दिनांक–..08/06/2026..........

प्रतिलिपि:–बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

8.6.26

प्रबन्ध निदेशक

बि0रा0पु0नि0नि0लि0,पटना।

08-06-2026

वेबसाईट प्रभारी